दिनांक 6 मार्च 2023 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

मौसमी एवं जल जनित बीमारियों के रोकथाम और नियंत्रण के लिए सभागार में स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को मिला प्रशिक्षण, एक्सपर्ट ने बचाव के तरीके भी बताए, फील्ड में जाकर करेंगे जागरूक

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग मच्छरों से होने वाली बीमारियां जैसे डेंगू, मलेरिया से बचाव व रोकथाम के लिए जन समुदाय में जागरूकता लाने तथा मौसमी जल जनित बीमारियों उल्टी-दस्त, पीलिया, डायरिया, टाइफाइड से बचाव रोकथाम और महामारी नियंत्रण के साथ ही ग्रीष्म ऋतु में लू से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग से आए हुए एक्सपर्ट ने कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया। नगर निगम आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया था। कर्मचारियों को प्रशिक्षण देते हुए जिला महामारी विशेषज्ञ रितिका सोनवानी , ट्रेनिंग ऑफिसर हितेंद्र कोसरे तथा लकी दुबे ने बीमारियो के लक्षण उभरने तथा इसके उपचार कराने और बचाव के उपाय भी बताए गए। इस दौरान स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा भी मौजूद रहे।डेंगू की रोकथाम के लिए यह उपाय अपनाएं घर एवं आसपास पानी जमा न होने दें , पानी जमा होने वाले स्रोतों को नष्ट करें। जमे हुए पानी में जला हुआ मोबिल ऑयल तथा मिट्टी तेल का छिड़काव अवश्य करें। मच्छर से बचने मच्छरदानी का उपयोग करें।मच्छरों को कम करने के लिए इन पौधों को करें रोपण आवासीय क्षेत्र में मच्छरों को कम करने के लिए तुलसी , कृष्ण तुलसी, ओडोमॉस, पुदीना, दमनक, अजवाइन, मरीच, लहसुन, गेंदा तथा लेमनग्रास के पौधों को घरों में लगा सकते हैं।